अम्बाला छावनी के विकास को लेकर भी हरदम तत्पर हूं : विनोद शर्मा

चिकित्सा शिविर में 1425 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

अम्बाला, 22 जनवरी (निस)। अम्बाला हैल्थ-केयर एवं वैल्फेयर सोसायटी द्वारा आज सामुदायिक केन्द्र कुम्हार मंडी अम्बाला छावनी में एक विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अंबाला शहर के विधायक विनोद शर्मा ने किया। उन्होंने अम्बाला छावनी के लोगों से कहा कि उनकी किसी भी समस्या को हल करने के लिये वे लगातार प्रयासरत रहेंगे। हरियाणा बाल कल्याण परिषद की वाइस चेयरपर्सन शक्ति रानी शर्मा की अध्यक्षता में लगाए गए इस शिविर में 1425 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस शिविर में आंखों की जांच के दौरान 82 लोगों की आंखों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन की पहचान की गई और सभी लोगों के ऑपरेशन सोसायटी द्वारा निशुल्क करवाये जायेंगे।

विनोद शर्मा ने इस शिविर में विभिन्न बीमारियों की जांच कर रहे 11 चिकित्सों से मुलाकात की और मरीजों के स्वास्थ्य संबंधी कार्य का जायजा लिया। उन्होंने अंबाला हेल्थ-केयर एवं वैल्फेयर सोसायटी द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि अन्य साधन संपन्न लोगों को भी इस तरह के पुण्य कार्यों में हर संभव सहयोग देना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष हीरालाल यादव, ओमप्रकाश मलिक व कमेलश गुप्ता ने विधायक विनोद शर्मा के अंबाला छावनी के विकास कार्यों को और अधिक गति प्रदान करने में सहयोग का अनुरोध किया। विधायक ने कहा कि लोगों की जो भी समस्या उनके ध्यान में लाई जाएगी वे उस समस्या के समाधान के लिए विशेष प्राथमिकता से प्रयास करेंगे। शक्ति रानी शर्मा शिविर समाप्त होने तक सामुदायिक केन्द्र में रही और उन्होंने स्वयं शिविर की सभी गतिविधियों का संचालन करवाया।

सोसायटी के सचिव एस.डी. गौतम ने बताया कि इस शिविर में नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ तथा एमएम कालेज मुलाना के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट के अतिरिक्त विख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. पीसी शर्मा, दतं रोग विशेषज्ञ डा. सन्नी सिंह आहलुवालिया, तपेदिक रोग विशेषज्ञ डा. विवेक शील मल्होत्रा, डा. एम.के गोयल, महिला रोग विशेषज्ञ डा. नीरजा सिंगल, डा. तेजेंद्र तलवार, शल्य रोग विशेषज्ञ महेश गुप्ता, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. सुमित ग्रोवर, डा. एम.एस नायक, डा. गुरदीप सिंह, चर्म रोग विशेषज्ञ डा. अनित, फीजियोथ्रेपिस्ट डा. सुधा, डा. योगेश गर्ग, डा. हितेश ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की और आवश्यकता अनुसार सभी दवाइयां भी सोसायटी की ओर से निशुल्क वितरति की गई।

उन्होंने बताया कि इस शिविर में 450 जरूरतमंद मरीजों को चश्में दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त 80 मरीजों की ईसीजी, 250 लोगों के रक्त की तथा 10 मरीजों की टीबी की जांच भी निशुल्क की गई है। शिविर में 40 मरीजों की फिजियोथ्रैपी भी की गई। उन्होंने बताया कि फरवरी मास के दौरान 11 फरवरी को रविदास बस्ती अम्बाला शहर में विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। गौरतलब है कि अम्बाला छावनी में सोसायटी द्वारा लगाया गया यह पहला शिविर है। शिविर में कुम्हार मंडी के अतिरिक्त आस-पास की मलिन बस्तियों रंगिया मंडी, मौची मंडी, खटीक मंडी, दीना की मंडी सहित अन्य गरीब लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और शिविर का लाभ उठाया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मीडिया एडवाइजर सुनील परती, उपायुक्त शेखर विद्यार्थी, सिविल सर्जन डा. सतीश अग्रवाल, वन मंडल अधिकारी जगमोहन शर्मा, डीडीपीओ रेणु जैन, कार्यकारी अभियंता रामफल सिंह, कांग्रेसी नेता अरुण गर्ग, परमिन्द्र बबला, युवा अध्यक्ष जसमीत टोनी, कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष हीरा लाल यादव, नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन नीलम शर्मा, गांधीवादी नेता ओम प्रकाश मलिक, युवा कांग्रेस नेता शिव ओम गौतम, मुकेश जोशी, रविन्द्र गुप्ता, डा. जयदेव, प्रिंसिपल डा. देशबंधु, डा. गुलशन भारद्वाज, पंकज शर्मा भी मौजूद थे।